राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015

राजस्व लोक अदालत "न्याय आपके द्वार" कैम्प 2015 ग्राम पंचायत भीम
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत भीम

प्रकरण सं. – **147/2008** रे0वा0 निर्णय दिनांक – 02.07.2015

अनवान

1. श्रीमति तेजी पत्नि खीमसिंह जाति रावत निवासी मानारावजी का वास तहसील भीम।
2. श्री जयपालसिंह पिता पूरणसिंह जाति रावत निवासी मानारावजी का वास तहसील भीम।
3. श्री लक्ष्मणसिंह पिता पूरणसिंह जाति रावत निवासी मानारावजी का वास तहसील भीम।

वादीगण

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार भीम

प्रतिवादीगण

वाद–पत्र अन्तर्गत धारा 88, 188 आरटीए

यह कि वादीगण की खातेदारी की कृषि भूमि खसरा संख्या 14800 रकबा 05 बीघा 8 विस्वा किस्म नहरी प्रथम मौजा नेडी पटवार हल्का भीम जिला राजसमन्द में स्थित है।

वादीगण की उक्त खातेदारी भूमि से लगे पडौस मे भूमि खसरा नम्बर 14801 रकबा 03 बीघा 12 विस्वा काबिल काश्त किस्म बारानी 1 मौजा नेडी पटवार हल्का भीम में स्थित है।

उपरोक्त चरण संख्या 2 में वर्णित उक्त भूमि पर वादीगण के पिता स्व. पूरणसिंह वल्द भोजा का कब्जा काश्त संवत 2033 से जब तक वह जीवित रहा लगातार चलता रहा जिसके इन्द्राज खसरा गिरदावरी संवत 2033 मे दर्ज है। इसके स्वर्गवास पश्चात वादीगण का कब्जा काश्त आज तक लगातार चला आ रहा है।

उक्त भूमि प्रारम्भ में उबड–खाबड पथरीली व अनउपजाउ थी, जिसे वादीगण के पिता व उन्होने काफी धन व श्रम खर्चकर समतल व उपजाउ उन्नत व काबिल काश्त बनाया जिसमें उनके हजारो रूपये खर्च हुए है।

उक्त भूमि पर संवत 2033 से वादीगण के स्वर्गीय पिता पूरणसिंह पुत्री भोजा रावत अपने जीवनकाल तक लगातार काश्त करते रहे तथा उनके स्वर्गवास पश्चात वादीगण आज तक लगातार काश्त करते कराते आ रहे है तथा उनकी मृत्यु के पश्चात हम वादीगण जो उनके उत्तराधिकारी है का लगातार एवं निरन्तर बिना किसी बाधा व हस्तक्षेप के कब्जा एवं काश्त चली आ रही है जिसे गांव का हर व्यक्ति जानता है। करीब 3–4 माह पूर्व हम वादीगण को रूपयो की आवश्यकता होने से हम वादीगण ने अपने खाते की जमीनों की जमाबन्दी पटवारी से मांगी तो उसने नक्शा व जमाबन्दी की नकल बताई जिस पर उसने नक्शे मे पटवारी को बताया कि यह जमीन तो हमारी है तो पटवारी ने बताया कि यह तो बिलानाम सरकारी जमीन है जिस पर आप लोगो का कब्जा चला आ रहा है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायालय में लम्बित होकर **राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 कैम्प भीम मे पेश हुआ**। वादी का वाद इस प्रकार खारीज किया जाता है कि वर्तमान में भूमि सिवायचक होने से खारीज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अ... भीम
जिला - राजसमन्द